Dainik Bhaskar, 27/10/2025, Monday



पिलानी

# बिट्स पिलानी कैंपस के फार्मेसी विभाग में व्याख्यान का आयोजन

**पिलानी** | बिट्स पिलानी कैंपस के फार्मेसी विभाग एवं प्रो. बी. एम. मित्तल एंडोमेंट ट्रस्ट पिलानी द्वारा प्रो. बी. एम. मित्तल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बी. एम. मित्तल मेमोरियल गोल्ड मेडल और सी. एन. वी. एच. बी. गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल से उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रमिक एवं विभागीय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

समारोह में प्रो. सुधीर कुमार बराई निदेशक बिट्स पिलानी कैंपस, प्रो. एन. वी. एम. राव, डीन प्रशासन एवं कर्नल सुम्यव्रत चक्रवर्ती रजिस्ट्रार भी मौजूद रहे। प्रो. राजीव तलियन, प्रमुख, फार्मेसी विभाग ने स्वागत भाषण दिया। निदेशक प्रो. सुधीर कुमार बराई ने पंच-ध्वनि की अवधारणा से कार्यक्रम को जोड़ते हुए प्रो. मित्तल की विरासत, शिक्षकों, विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूर्व छात्रों के बीच एकता का संदेश दिया। मुख्य वक्ता प्रो. विभु साहनी, एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ एवं डीन, चौधरी चरण सिंह विवि मेरठ ने व्याख्यान दिया।

प्रो. विभु साहनी ने विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। बी. एम. मित्तल मेमोरियल गोल्ड मेडल (बी. फार्मा): देबोजिता साहा (2022–23), कोठेकर अमेय किरनकुमार (2023–24), रीति चटर्जी (2024–25) सी. एन. वी. एच. बी. गुप्ता मेमोरियल गोल्ड मेडल (एम. फार्म): आकांक्षा कदम (2022–23), अपूर्वा संदीप सगाडे (2023–24), येओलेकर संस्कृति (2024–25)। समापन पर प्रो. एस. मुरुगेसन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।